# संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश

"विजयाराजे वात्सल्य भवन, 28 – A,अरेरा हिल्स, भोपाल (म0प्र0) . 462011
फोन : 2550909, फैक्स : 2550912, E- m-ail directorate.wcd@mp.gov.in/ Website www.mpwcdmis.org

क्र./मबावि/SAP-2/2025/4789 भोपाल, दिनांकः 29/12/2025

प्रति,

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास,
जिला–समस्त
मध्यप्रदेश

**विषयः– आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति एम.पी. ऑनलाइन के चयन पोर्टल (वर्ष 2025 फेज–2) के माध्यम से किये जाने हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति बाबत।**

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु जिलेवार रिक्तियों की संख्या अनुसार जिले में अधिकतम संख्या में प्रसारित 02 समाचार पत्रों तथा रोजगार निर्माण समाचार पत्र में विज्ञापन, प्रकाशित किये जाने हेतु आयुक्त, जनसम्पर्क को प्रेषित किया गया है।

जिले की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की केन्द्रवार सूची एवं संबंधित पद हेतु आवश्यक अर्हताऐं एवं योग्यताओं का उल्लेख करते हुए, जिला स्तर से जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, आयुक्त नगर निगम/मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय, संबंधित ग्राम पंचायत/नगरीय क्षेत्र के वार्ड कार्यालय एवं ग्राम में सूचना चस्पा कर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर रिक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा कर नियुक्ति संबंधी कार्यवाही शासन निर्देश दिनांक 23.05.2025 एवं ऑनलाइन भर्ती संबंधी प्रक्रिया के संबंध में संचालनालय से जारी पत्र दिनांक 03.06.2025 अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें।

नियुक्ति की कार्यवाही एम.पी.ऑनलाइन द्वारा निर्मित **"चयन पोर्टल" URL (https://chayan.mponline.gov.in)** के माध्यम से की जानी है। सूचना पटल पर प्रदर्शित रिक्त पदों संबंधी जानकारी का पंचनामा तैयार कर नियुक्ति संबंधी नस्ती में अनिवार्य रूप से संधारित किया जाये। संबंधित परियोजनाओं में भी रिक्त पदों का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कर शासन निर्देशानुसार नियुक्ति संबंधी कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की नियुक्ति की कार्यवाही "चयन पोर्टल" पर वर्ष 2025 फेज–2 के अनुसार की जानी है।

एम.पी.ऑनलाइन के "चयन पोर्टल" (https://chayan.mponline.gov.in) पर आवेदन भरे जाने के संबंध में तिथि का विवरण निम्नानुसार है :–

- आवेदन पत्र प्रारंभ तिथि –दिनांक 31.12.2025
- आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि –दिनांक 10.01.2026
- आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि दिनांक –12.01.2026

रिक्त पदों की सूचना संबंधी जानकारी में कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद हेतु मूल निवास, आयु, शैक्षणिक योग्यता तथा अन्य मापदण्ड जिसके आधार पर चयन किया जाना है, का स्पष्ट उल्लेख किया जाये। जनसंपर्क संचालनालय को प्रेषित विज्ञप्ति की प्रति संलग्न कर प्रेषित है।

**(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)**
**संलग्न– उपरोक्तानुसार**

29/12/25

**(स्वर्णिमा शुक्ला)**
संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास,
मध्यप्रदेश

**पृ. क्रमांक / मबावि / SAP-2 / 2025 / 4790** **भोपाल, दिनांक 29 / 12 / 2025**

**प्रतिलिपिः–**

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
2. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर सूचनार्थ।
3. संभागीय आयुक्त, संभाग–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर, जिला–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.पी. ऑनलाइन भोपाल, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
7. संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, संभाग–समस्त मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
8. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
9. बाल विकास परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवा, परियोजना– समस्त, मध्यप्रदेश की ओर प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि परियोजना अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की स्थिति तथा चयन संबंधी मापदण्डों की सूचना परियोजना स्तरीय संबंधित कार्यालयों एवं संबंधित ग्राम पंचायत / नगरीय निकाय / नगरीय वार्ड कार्यालय में चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

29/12/25

**संयुक्त संचालक**
महिला एवं बाल विकास,
मध्यप्रदेश

# संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश

"विजयाराजे वात्सल्य भवन, 28 – A,अरेरा हिल्स, भोपाल (म0प्र0) - 462011

फोन : 2550909, फैक्स : 2550912, E- m-ail directorate.wcd@mp.gov.in/ Website www.mpwcdmis.org

क्र. / मबावि / SAP-2 / 2025 / 4787 भोपाल, दिनांकः 29 / 12 / 2025

प्रति,

आयुक्त
जनसंपर्क संचालनालय,
भोपाल, मध्यप्रदेश

**विषयः– आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशन बाबत।**

विभाग अंतर्गत जिलों में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया जाना है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित जिलेवार रिक्त पदों की पदपूर्ति किये जाने हेतु विज्ञापन, प्रदेश के संबंधित जिलों में सर्वाधिक प्रसारित 02 हिन्दी समाचार पत्रों एवं रोजगार निर्माण में प्रकाशित किये जाने हेतु विज्ञप्ति का प्रारूप संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया संलग्न विज्ञप्ति, उक्तानुसार समाचार पत्रों में शीघ प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

**(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)**

**संलग्न– उपरोक्तानुसार**

29/12/25

**(स्वर्णिमा शुक्ला)**
संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास,
मध्यप्रदेश

पृ. क्रमांक / मबावि / SAP-2 / 2025 / 4788 भोपाल,दिनांक 29 / 12 / 2025

**प्रतिलिपिः–**

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर सूचनार्थ।
2. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर सूचनार्थ।
3. संभागीय आयुक्त, संभाग–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर, जिला–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.पी.ऑनलाइन, भोपाल, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
7. संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, संभाग–समस्त मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
8. जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला–समस्त मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
9. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
10. बाल विकास परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवा, परियोजना– समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

29/12/25

**संयुक्त संचालक**
महिला एवं बाल विकास,
मध्यप्रदेश

# संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश

"विजयाराजे वात्सल्य भवन, 28 – A, अरेरा हिल्स, भोपाल (म0प्र0) - 462011

फोन : 2550909, फैक्स : 2550912, E- mail directorate.wcd@mp.gov.in/ Website www.mpwcdmis.org


क्र./मबावि/SAP-2/2025/4787 भोपाल, दिनांकः 29/12/2025

## विज्ञप्ति

**आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एव आंगनवाडी सहायिकाओं के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित, मानसेवी रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन (वर्ष 2025 फेज–2) आवेदन आमंत्रण सूचना**

महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश अन्तर्गत जिलों की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाडी सहायिकाओं के **पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित, मानसेवी रिक्त पदों** हेतु पात्र महिलाओं से जिलेवार निम्नानुसार रिक्त पदों की पूर्ति हेतु **MP Online द्वारा तैयार "चयन पोर्टल" (https://chayan.mponline.gov.in)** के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैंः–

| स.क्र. | संभाग | जिला | रिक्त पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आगनवाड़ी कार्यकर्ता | आंगनवाड़ी सहायिका |
| 1 | इंदौर | अलीराजपुर | 11 | 37 |
| 2 | | इंदौर | 19 | 66 |
| 3 | | खंडवा | 23 | 52 |
| 4 | | खरगोन | 33 | 50 |
| 5 | | झाबुआ | 12 | 29 |
| 6 | | धार | 62 | 92 |
| 7 | | बडवानी | 33 | 56 |
| 8 | | बुरहानपुर | 09 | 34 |
| 9 | उज्जैन | आगर मालवा | 14 | 38 |
| 10 | | उज्जैन | 36 | 96 |
| 11 | | देवास | 10 | 89 |
| 12 | | नीमच | 10 | 31 |
| 13 | | मंदसौर | 21 | 52 |
| 14 | | रतलाम | 28 | 91 |
| 15 | | शाजापुर | 08 | 36 |
| 16 | ग्वालियर | अशोकनगर | 65 | 104 |
| 17 | | गुना | 74 | 147 |
| 18 | | ग्वालियर | 40 | 65 |
| 19 | | दतिया | 28 | 43 |
| 20 | | शिवपुरी | 81 | 98 |
| 21 | चंबल | भिण्ड | 32 | 71 |
| 22 | | मुरैना | 33 | 64 |
| 23 | | श्योपुर | 63 | 102 |
| 24 | जबलपुर | कटनी | 20 | 34 |
| 25 | | छिंदवाडा | 60 | 107 |
| 26 | | जबलपुर | 30 | 78 |
| 27 | | डिंडौरी | 57 | 77 |

| स.क्र. | संभाग | जिला | रिक्त पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आंगनवाड़ी कार्यकर्ता | आंगनवाड़ी सहायिका |
| 28 | | नरसिंहपुर | **30** | **39** |
| 29 | | पाण्ढुर्ना | **12** | **10** |
| 30 | | बालाघाट | **36** | **83** |
| 31 | | मंडला | **37** | **63** |
| 32 | | सिवनी | **37** | **69** |
| 33 | नर्मदापुरम | नर्मदापुरम | **27** | **78** |
| 34 | | बैतूल | **56** | **68** |
| 35 | | हरदा | **07** | **32** |
| 36 | भोपाल | भोपाल | **09** | **39** |
| 37 | | राजगढ़ | **19** | **77** |
| 38 | | रायसेन | **22** | **57** |
| 39 | | विदिशा | **56** | **119** |
| 40 | | सीहोर | **13** | **37** |
| 41 | रीवा | मैहर | **04** | **06** |
| 42 | | मऊगंज | **03** | **14** |
| 43 | | रीवा | **22** | **52** |
| 44 | | सतना | **14** | **38** |
| 45 | | सिंगरौली | **20** | **83** |
| 46 | | सीधी | **17** | **34** |
| 47 | शहडोल | अनूपपुर | **32** | **50** |
| 48 | | उमरिया | **36** | **58** |
| 49 | | शहडोल | **40** | **47** |
| 50 | सागर | छतरपुर | **26** | **34** |
| 51 | | टीकमगढ़ | **10** | **19** |
| 52 | | दमोह | **20** | **47** |
| 53 | | निवाड़ी | **07** | **08** |
| 54 | | पन्ना | **13** | **29** |
| 55 | | सागर | **36** | **65** |
| **कुल** | | | **1573** | **3194** |

1. विज्ञापन में जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी उल्लेखित है। **बाल विकास परियोजना एवं आंगनवाड़ी केन्द्रवार रिक्त पदों का विवरण** संबंधित जिले/बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं **MP Online द्वारा तैयार "चयन पोर्टल" (https://chayan.mponline.gov.in)** पर उपलब्ध है।
2. नियुक्ति से संबंधित नियम, निर्देश, शर्ते, आवेदन का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं से संबंधित जानकारी MP Online द्वारा तैयार **"चयन पोर्टल"** (https://chayan.mponline.gov.in) **एवं विभागीय वेबसाइट पोर्टल** mpwcdmis.gov.in पर उपलब्ध है।
3. एम.पी.ऑनलाइन के **"चयन पोर्टल" (https://chayan.mponline.gov.in)** पर आवेदन भरे जाने के संबंध में तिथि का विवरण निम्नानुसार है :–
   - 3.1 आवेदन पत्र प्रारंभ तिथि –दिनांक 31.12.2025
   - 3.2 आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि –दिनांक 10.01.2026
   - 3.3 आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि दिनांक –12.01.2026

4. रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवश्यक योग्यताऐं एवं अहर्ताऐं :–

**4.1 जिस ग्राम/नगरीय क्षेत्र के वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति की जानी है, आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम एवं शहरी/नगरीय क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है। अन्य ग्राम/वार्ड की महिला आवेदन हेतु पात्र नहीं है।**

**4.2** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता हायर सेकण्डरी (12वीं उत्तीर्ण) अनिवार्य** है।

**4.3** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु **दिनांक 01.01.2025 की स्थिति में आयु 18 से 35 वर्ष** होना अनिवार्य है। आयु के प्रमाणीकरण हेतु हाई स्कूल/10वीं बोर्ड की अंकसूची संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

5. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र, विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 10 दिवस की समयावधि में ही **केवल ऑनलाइन माध्यम से** प्राप्त किये जायेंगे। **ऑफलाइन प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।**

6. आवेदिका द्वारा रिक्त पदों हेतु ऑनलाइन भरते समय ही आवेदन पत्र के साथ समस्त **प्रमाण पत्र** PDF Format में अपलोड किये जायेंगे। आवेदन के उपरांत आवेदन में संशोधन की सुविधा निर्धारित अवधि हेतु ही उपलब्ध होगी। ऑनलाइन माध्यम से भरे गये आवेदन के प्रिंटऑउट की प्रति संबंधित आवेदिका द्वारा सुरक्षित रखी जायेगी।

7. विभाग के संचालनालय, संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय तथा अन्य किसी भी कार्यालय को प्रेषित नियुक्ति संबंधी आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जावेगा। केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे।

8. ऑनलाइन आवेदन भरने की सुविधा MP Online द्वारा तैयार **"चयन पोर्टल"** (https://chayan.mponline.gov.in) पर उपलब्ध है। आवेदन MP Online द्वारा स्थापित कियोस्क के माध्यम से या स्वयं MP Online के पोर्टल पर जाकर भर सकते है। MP Online द्वारा भरे जाने वाले आवेदन हेतु शुल्क राशि रूपये 100/– एवं 18% GST निर्धारित है।

9. MP Online से संबंधित समस्या निराकरण हेतु **हेल्पलाईन नंबर– 0755–6720208** है।

10. आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के विज्ञप्ति में शामिल पदों में माह दिसंबर 2025 तक रिक्त पद एवं माह जनवरी 2026 से जून 2026 तक संभावित रिक्तियों को सम्मिलित किया गया है।

11. जिन आंगनवाडी केन्द्रों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये विज्ञप्ति जारी की जा रही है, उनके संबंध में यदि कलेक्टर/अपर कलेक्टर/संभाग आयुक्त/अपर आयुक्त के न्यायालय अथवा माननीय उच्च न्यायालय में यदि कोई वाद प्रचलित है अथवा भर्ती प्रकिया के दौरान कोई वाद निर्मित होता है या आंगनवाड़ी केन्द्र के क्षेत्र निर्धारण में कोई वाद निर्मित होता है, तो माननीय न्यायालय का निर्णय अंतिम होगा अर्थात् चयन एवं नियुक्ति माननीय न्यायालय के निर्णय के अधीन रहेगी।

12. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की संख्या/विज्ञापित रिक्त पदों में परिवर्तन/निरस्त का अधिकार विभाग का होगा।

**(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)**

29/12/25

**(स्वर्णिमा शुक्ला)**
संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास,
मध्यप्रदेश